भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.12.2024

आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा कामकाज में कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रयोग पर कार्यशाला

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 27.12.2024 राजभाषा विभाग द्वारा कामकाज में कृत्रिम मेधा के प्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को कामकाज में कृत्रिम मेधा के उपयोग को बढावा देने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने कार्यालयीन कामकाज में आईटी टूल्स और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करने के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यशाला में इंडियन ओवरसीज बैंक लखनऊ के प्रबंधक (राजभाषा) आदर्श गुप्ता ने प्रतिभागियों को गूगल लेंस, गूगल एपस् चेटजीपीटी, आदि आईटी टूल्स और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम किस प्रकार इन टूल्स का प्रयोग पत्र लेखन, अनुवाद करने, पीडीएफ बनाने, किसी भी भाषा को पढ़ने एवं समझने में कर सकते हैं।

इस कार्यशाला में आरेडिका के एसडीजीएम अकमल बदूद, डीजीएम रौनक गुप्ता, अन्य अधिकारी और कर्मचारी सहित नराकास रायबरेली सदस्य उपस्थित रहे।

27.12.2024
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी